# शयद श्याम पिघल जाए (रोती आँखें रोने दे ) By Mukesh Bagda

रोती आँखें रोने दे
श्याम चरण को धोने दे
ग़म आंसू में ढल जाये
शयद श्याम पिघल जाए

ये मायत हम बच्चे हैं
दु:ख सहने में कच्चे हैं
समझे जो दिल की बातें
रोना बस उसके आगे
पत्थर दिल भी हिल जाए
शयद श्याम पिघल जाए

गम जो हद से बढ़ जाए
आंसू बन कर बह जाए
जब कोई प्रेमी रोता है
दर्द श्याम को होता है
पता श्याम को चल जाए
शयद श्याम पिघल जाए

श्याम के सन्मुख रोयेगा
पाप तेरे ये धोएगा
रो रो जब थक जाएगा
पल में काम बन जाएगा
संकट सारे टल जाएँ
शयद श्याम पिघल जाए

दौलत से ना रीझेगा
आंसू से ही पसीजेगा
हर्ष तू दर पे शीश झुका
आंसू की सौगात चढ़ा
भक्ति तेरी फल जाए
शयद श्याम पिघल जाए

[https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a4%af%e0%a4%a6-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%aa%e0%a4%bf%e0%a4%98%e0%a4%b2-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%8f-%e0%a4%b0%e0%a5%8b%e0%a4%a4%e0%a5%80-%e0%a4%86%e0%a4%81/](https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a4%af%e0%a4%a6-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%aa%e0%a4%bf%e0%a4%98%e0%a4%b2-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%8f-%e0%a4%b0%e0%a5%8b%e0%a4%a4%e0%a5%80-%e0%a4%86%e0%a4%81/)